ना मांगु मै तुमसे कुछ भी मांगु तेरा प्यार

ना मांगु मै तुमसे कुछ भी मांगु तेरा प्यार,
मेरा जन्मदिन है मेरी मईया ले चल अपने द्वार,
मै दरबार जाऊंगा जन्मदिन वहाँ मनाऊंगा॥
ना मांगु मै तुमसे कुछ भी मांगु तेरा प्यार,
मेरा जन्मदिन है मेरी मईया ले चल अपने द्वार,
मै दरबार जाऊंगा जन्मदिन वहाँ मनाऊंगा........

नहीं जलानी मोमबत्ती मुझे माँ की ज्योत जलानी है,
मै भी माँ का लाल बनूंगा मैंने मन मे ठानी है.....-2
मेरी बाते सुनकर मईया ना करना इनकार,
मेरा जन्मदिन है मेरी मईया ले चल अपने द्वार,
मै दरबार जाऊंगा जन्मदिन वहाँ मनाऊंगा.....

नहीं चहिए मुझको कुछ मे कजंके यहाँ बिठाऊँगा,
छोटी छोटी कजंको को हलवे का भोग लगाऊँगा....-2
मिल जाएगा मुझको भी जगजननी का दीदार,
मेरा जन्मदिन है मेरी मईया ले चल अपने द्वार,
मै दरबार जाऊंगा जन्मदिन वहाँ मनाऊंगा.....

मेरी मईया प्यारी मईया सारे जग से न्यारी है,
सच्चे मन से जो भी मांगो देती खुशियां सारी है....-2
त्रिलोकी की स्वामी चचंल जग की पालनहार,
मेरा जन्मदिन है मेरी मईया ले चल अपने द्वार,
मै दरबार जाऊंगा जन्मदिन वहाँ मनाऊंगा,
ना मांगु मै तुमसे कुछ भी मांगु तेरा प्यार,
मेरा जन्मदिन है मेरी मईया ले चल अपने द्वार,
मै दरबार जाऊंगा जन्मदिन वहाँ मनाऊंगा........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23703/title/naa-maangu-main-tumse-kuch-bhi-maangu-tera-payar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |